जिले के चार केन्द्रों पर हुई मूंग की समर्थन मूल्य में खरीदी

नवभारत न्यूज

बैतूल, 15 जुलाई. जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू हो गई है और किसान अपनी उपज लेकर केन्द्रों पर भी पहुंचने लगे है।

जिले में 15 केन्द्र बनाये, 5 केन्द्र बढ़ाने मांगी अनुमति

92 किसानों ने कराया स्लॉट बुक

जिले के चार केन्द्रों पर मूंग की खरीदी भी की जा चुकी है। हालांकि जिले में मूंग-उड़द खरीदी के लिए 15 केन्द्र बनाये गये है और 5 केन्द्र बढ़ाने के लिए शासन से अनुमति मांगी गई है। जिसके बाद जिले में 20 केन्द्रों पर मूंग-उड़द की खरीदी की जायेगी। वहीं जिले भर के करीब 5161 किसानों ने मूंग-उड़द बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिसमें से 92 किसानों से स्लार्ट भी बुक किया है। बता दे कि इस बार 15900 हेक्टेयर में किसानों ने मूंग लगाई थी। लेकिन शुरू में प्रदेश सरकार ने मूंग खरीदी को लेकर कोई घोषणा नहीं की थी। जिससे किसानों में नाराजगी थी। किसानों की नाराजगी के बाद प्रदेश सरकार ने निर्णय लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द को समर्थन मूल्य पर खरीदी का निर्णय लिया है। समर्थन मूल्य में मूंग एवं उड़द खरीदी के लिए 19 जून से पंजीयन शुरू हुए थे और 5 जुलाई तक किसानों ने अपना पंजीयन कराया। वहीं 7 जुलाई से खरीदी शुरू की गई है। इस साल शासन द्वारा 8682 रु. प्रति क्विंटल के भाव से मूंग की खरीदी की जाएगी।

कई किसानों ने मंडी में बेच

दिया मूंग : कुछ किसानों ने सरकारी खरीदी नहीं होने के कारण मूंग मंडी में बेच दी है। वहीं कई किसान समर्थन मूल्य में मूंग की खरीदी का रास्ता देख रहे थे। आखिरकार किसानों की मांग पूरी हुई और सरकार ने मूंग-उड़द को समर्थन मूल्य में खरीदी की घोषणा की। मंडी में दाम कम मिलने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा था। लेकिन अब सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी से किसानों में खुशी का माहौल है। समर्थन मूल्य में मूंग खरीदी की घोषणा के बाद जिले के 5161 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। रकबे के हिसाब से 13501 हेक्टेयर है। अधिकारियों का कहना है कि जिले में अभी बारिश हो रही थी। जिससे उपज भिगने की संभावनाओ को देखते हुए भी किसान केन्द्र नहीं पहुंचे है। लेकिन अब किसान उपज लेकर केन्द्र पहुंचने लगे है।

> जिले के चार केन्द्रों पर मूंग की खरीदी की गई है। जिलेभर के 5161 किसानों ने मूंग-उड़द बेचने के लिए पंजीयन कराया है, जिसमें से उपज बेचने के लिए 92 किसानों ने स्लाट बुक किये है।
> - रामवीर सिंह राजपूत, एसडीओ, कृषि विभाग बैतूल

चार केन्द्रों पर खरीदा मूंग

जिले में मूंग खरीदी शुरू होने के बाद किसान अपनी उपज लेकर केन्द्रों पर पहुंचने लगे है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के चार खरीदी केन्द्र श्रीराम वेयर हाऊस सोहागपुर, जीआर वेयर हाऊस बाजपुर, पटेल वेयर हाऊस आंठवामिल और गायत्री वेयर हाऊस रानीपुर में मूंग की खरीदी की गई है। अधिकारियों का कहना है कि जिले में अभी बारिश हो रही थी। जिससे उपज भिगने की संभावनाओ को देखते हुए भी किसान केन्द्र नहीं पहुंचे है। लेकिन अब किसान उपज लेकर केन्द्र पहुंचने लगे है। हालांकि इस साल पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक किसानों ने मूंग और उड़द बेचने के लिए पंजीयन कराया है। जिससे इस बार समर्थन मूल्य में मूंग की बेहतर खरीदी होने की उम्मीद है।

पिछले साल 3059 किसानों ने बेचा था मूंग

जिले में पिछले साल 3059 किसानों ने समर्थन मूल्य में मूंग बेचा था। हालांकि पिछले साल 3697 किसानों ने पंजीयन कराया था, किन्तु 638 किसानों ने मूंग नहीं बेचा। वहीं 3059 किसानों से 6630 एमटी (मेट्रिक टन) मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी हुई थी। जबकि इस साल मूंग-उड़द को मिलाकर कुल 5161 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिसमें से उड़द के लिए 36 किसानों ने पंजीयन कराया है, वहीं 5125 किसानों ने मूंग बेचने के लिए अपना पंजीयन केन्द्रों पर कराया है। इस साल सरकार ने मूंग का न्यूनतम समर्थन 8682 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब तय किया है। वहीं मंडी में किसानों को मूंग के दाम 6 से साढ़े 7 हजार रूपए तक मिल रहे है। जिससे किसानों को एक से डेढ़ हजार रूपए प्रति क्विंटल नुकसान उठाना पड़ रहा था।

नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन आज

सारनी। सारनी क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर एक सराहनीय पहल के तहत नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 16 जुलाई को किया जाएगा। इस शिविर में क्षेत्र के अनेक नागरिक पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवा सकते हैं और विशेषज्ञों से परामर्श भी द्य लिया जा सकेंगा। शिविर में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क जांच की जाएगी तथा जरुरतमंदों को चश्मे और इलाज संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएंगा। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक नेत्र स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। नि: शुल्क नेत्र शिविर मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के हॉस्पिटल सारनी में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे ताकि आमजन को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सके।

एक नजर में

बीएलओ को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

मुलताई। निर्वाचक नामावली को त्रुटि रहित बनाने के निर्देश पर सभी बूथ लेबल अधिकारियो को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नगर के पीएमश्री स्कूल में बीएलओ को 15 जुलाई से 17 जुलाई एक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मुलताई राजीव कहार,सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय बरैया ,यशवंत सिंह गिन्नारे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर जितेंद्र प्रसाद खन्ना,रविशंकर पवार एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर चंद्रशेखर साहू, प्रमोद नरवरे, संदीप गणेशे , ब्रजमोहन अग्रवाल, मनीष फाल्के, सचिन नाडेकर ,राजेश जसूदकर, महेंद्र पाटिल द्वारा निर्वाचक नामावली तैयार करने, घर घर जाकर सर्वे करने, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य बिन्दुओ पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा। प्रशिक्षण 15 जुलाई से 17 जुलाई तक पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में चलेगा. जिसमें मुलताई विधानसभा के समस्त बीएलओ सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

हाई स्कूल में निकाली गई जनजागरूकता रैली

सारनी। नशे से दूरी है ज़रूरी विषय पर जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत स्थानीय हाई स्कूल में एक रैली का आयोजन किया गया। पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश कैलाश मकवाना के निर्देशन में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी, जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हाथों में नशा विरोधी स्लोगन वाली तख्तियां लेकर जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुज़री। इसमें नशे को ना कहो, स्वस्थ जीवन अपनाओ, नशा मुक्त भारत बनाओ जैसे नारों की गूंज सुनाई दी। विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यालय प्राचार्य ने रैली के समापन पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति नहीं, पूरे समाज को खोखला करता है। ऐसे अभियान युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करने का कार्य करते हैं।

नशे से दूरी है जरूरी, जनजागरुकता अभियान का शुभारंभ

बैतूल। पुलिस महानिदेशक म प्र श्री कैलाश मकवाना के निर्देशन में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा समस्त जिलों में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक चलाए जा रहे राज्यव्यापी नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ बैतूल पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी की उपस्थिति में जिले के समस्त प्रमुख मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक संवाद एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने अभियान के उद्देश्यों एवं समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन न केवल युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है, बल्कि यह अपराधों की बढ़ती घटनाओं का भी प्रमुख कारण बन रहा है। समाज को जागरूक करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और मीडिया इस दिशा में सबसे प्रभावशाली माध्यम है। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को नशामुक्त रहने एवं समाज को जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा भी साझा की गई, जिनमें रैलियां, पोस्टर/बैनर प्रचार, नुक्कड़ नाटक, स्कूल/कॉलेज स्तर पर प्रतियोगिताएं, डिजिटल प्रचार, सोशल मीडिया अभियान आदि शामिल हैं।

बैतूल पुलिस द्वारा अभियान की यह सशक्त शुरुआत न केवल एक प्रशासनिक पहल है, बल्कि समाज को नशे के विरुद्ध एकजुट करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी है।

16 से 31 जुलाई तक अतिरिक्त सीएलसी चरण

बैतूल। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय और अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए यह अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा।

विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय वार रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जायेगा। विद्यार्थी रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी 16 जुलाई से प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे तक पंजीयन/विकल्प चयन कर सकेंगे। हेल्प सेंटर द्वारा सायं 4 बजे तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा और सायं 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट जारी होने के 24 घंटे के भीतर विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न किये जाने की स्थिति में प्रवेश मान्य नहीं होगा। विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा न करने की दशा में, पुन: रीचॉइस करनी होगी। अतिरिक्त सीएलसी चरण की यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक ही होगी। उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनसीटीई पाठ्यक्रम (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एमपीएड, बीएड एमएड (एकीकृत तीन वर्षीय) एवं बी.एल.एड. तथा बी.एड. संचालित करने वाले शासकीय/ अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। विद्यार्थी 15 से 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 15 से 19 जुलाई तक होगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 21 को होगा। विद्यार्थियों के लिए 23 को सीट आवंटन किया जाएगा।

नकली खाद बेचने के मामले की पुलिस अधीक्षक से शिकायत

मुलताई। नगर के किसान अनिल सोनी ने उन्हें सोसायटी द्वारा नकली खाद बेचे जाने की शिकायत जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया करते हुए कार्रवाई की मांग की है। किसान अनिल सोनी द्वारा की गई शिकायत में बताया उनके पास पास लगभग 7 एकड़ कृषि भूमि है, जिस पर वे कृषि करते है ।उनके द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मुलताई से बीते 31मई 2025 को 2 बोरी इफको कम्पनी का खाद क्रय किया था। उनके द्वारा जब खाद की बोरी खोली तो बोरी में नकली खाद पाया गया। कुछ दिनों पहले राजस्थान के मंत्री द्वारा एक फैक्ट्री में छापा डाला गया था जिसमे सागरिका इफको कम्पनी का ब्रांड लगी बोरीयो मे टाईल्स से निकली डस्ट भरी जा रही थी। आवेदक ने देखकर अपने द्वारा क्रय की खाद की बोरी खोली तो उक्त बोरी मे भी खाद नकली होना पाया गया जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा कलेक्टर से की गई थी,लगभग एक माह से अधिक का समय हो गया है अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई। उन्हें 19 जून को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकास खण्ड मुलताई द्वारा पत्र से सूचित किया गया की 17 जून 25 को आपके द्वारा दिया गया नमूना राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक केन्द्र गाजियाबाद को 18 जून 25 को भेज दिया गया है।

सरपंच, सचिव पर गुणवत्ताविहीन कार्य का आरोप

बैतूल। ग्राम पंचायत चोपना के सरपंच-सचिव पर कार्य में अनियमिता, लापरवाही बरतने तथा गुणवत्ताहीन कार्य किये जाने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत जिला कलेक्टर से जनसुनवाई में की है। शिकायतकर्ता अशोक राय ने बताया कि ग्राम पंचायत चोपना के सरपंच एवं सचिव द्वारा सांसद निधि द्वारा सीसी रोड रास्ता का निर्माण जो कि चोपना मुख्य मार्ग से पंकज चौधरी के घर तक 200 मीटर का निर्माण किया गया था, पूर्णत: गुणवत्ताहीन के रूप में बनाया गया था। जिसकी शिकायत पहले जिला जनसुनवाई में की गई थी। जिसके बाद

कांक्रीट सीसी रास्ते पर सीमेंट का घोल बनाकर झाडु घुमा दिया। गुणवत्ताविहिन सड़क निर्माण से सड़क चंद दिनों में ही जर्जर हो गई। गिट्टी निकल गई है। जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कते हो रही है। सरपंच-सचिव द्वारा स्टाप डेम का निर्माण भी गुणवत्ताविहिन किया गया है। स्टाप डेम का बिल अंश मटेरियल सप्लालयर के नाम से लगाया जाता है। जो कि यह जीएसटी बिल पूर्ण रूप से फर्जी है। क्योंकि उसके पास किसी प्रकार की दुकान या सामान उपलब्ध नही है। शिकायतकर्ता ने उक्त मामलों की जांच कर उचित कार्रवाही किये जाने की मांग की है।

बीआर कुबड़े के हाथ में लायंस क्लब बैतूल सिटी की बागडोर

बैतूल। सेवा, समर्पण और सद्भावना के प्रतीक लायंस क्लब बैतूल सिटी ने सामाजिक समर्पण की प्रेरक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गरिमामय संयुक्त इंस्टॉलेशन समारोह का आयोजन किया गया। लायंस ऑफ बैतूल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में लायंस क्लब बैतूल सिटी, लायंस क्लब महक एवं लायंस क्लब बैतूल अमिगोस ने सहभागिता की। इस अवसर पर पुरानी कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत कर नई कार्यकारिणी को आगे काम करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह के मुख्य अतिथि एवं इंस्टॉलेशन अधिकारी पीएमजेएफ लायन पंकज मारू (नागदा) ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन से समारोह को वैचारिक ऊंचाईयां प्रदान की। उन्होंने अपने संबोधन में बाल मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की एवं बच्चों की बौद्धिक अक्षमता के मुख्य कारणों, बचाव,सावधानियां व जन-जागरूकता की महत्वपूर्ण बातों को साझा किया। उन्होंने बैतूल क्लब की संगठनात्मक एकता एवं उपलब्धियों की मुक्त कंठ से सराहना की। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में पीडीजीएमजेएएफ लायन पी. एस. बग्गा, विशेष अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन डॉ.शिरीष अग्रवाल (हरदा) एवं जोन चेयरपर्सन लायन आशीष जैन की उपस्थिति ने समारोह को गौरवशाली स्वरूप प्रदान किया।

सतपुड़ा जलाशय में पानी का जलस्तर सामान्य

सारनी। सतपुड़ा जलाशय में जल स्तर 1430.00 फीट, पिछले 24 घंटों में वर्षा, 5 एम एम, संचयी वर्षा 505 मी मी दर्ज व अधिकतम गेट गतिविधि 3 गेट 1 फिट कल दस बजे से चालू रहे। 15 जुलाई से पहले बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते सतपुडा जलाशय में जल का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 8 बजे तक जलाशय का जलस्तर निर्धारित सीमा के समीप पहुँच चुका था। जलाशय में अधिक जलभराव को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन कुछ गेट आंशिक रूप से खोल दिए

हैं, जिससे अतिरिक्त पानी की निकासी की जा सके और नीचे के क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति न बने। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और नियमित निगरानी रखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों को नदी और निचले इलाकों में सावधानी बरतने की अपील की गई है। साथ ही, ग्राम पंचायतों और राहत दलों को भी सतर्क रहने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से यह भी बताया गया है कि यदि बारिश इसी तरह जारी रही, तो जलाशय के और गेट खोले जा सकते हैं।

जेएच कॉलेज में बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बैतूल। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी व अनुविभागीय अधिकारी (रा.), उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बैतूल श्री मकसूद अहमद के नेतृत्व में बैतूल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-131 अंतर्गत बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को जेएच कॉलेज के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण मतदान केन्द्र क्रमांक 1 से 100 तक के बीएलओ के लिए

प्रथम एवं द्वितीय बेंच के अंतर्गत आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार दाबड़े एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नागेश पवार, धनराज सूर्यवंशी, हीरेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम सोनकुसले, कमलेश लिल्होरे, चंद्र हुरमाड़े, अभय जोशी द्वारा बीएलओ को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव, नायाब तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री श्याम उइके, जिला जनसंपर्क अधिकारी रोमित उईके की उपस्थिति रही। अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची शुद्धीकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम जोड़ने से वंचित न रहे एवं अपात्र मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है, स्थानांतरण हो गया है, ऐसे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बैतूल द्वारा बीएलओ के कर्तव्य, संविधान की धाराएं एवं निर्वाचन कार्य से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया।

जनसुनवाई जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

प्राप्त शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरते अधिकारी : सीईओ

बैतूल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ श्री जैन ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरती जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव,

डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती तृप्ति पटेरिया ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में आवेदन के माध्यम से भीमपुर तहसील के ग्राम मक्का निवासी सीलकराम ने अनावेदकों द्वारा पटवारी और आरआई से सांठगांठ कर भूमि का नक्शा काटे जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने भैंसदेही एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी दयाल सिंह ने राजस्व फाइल उपलब्ध कराए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने मुलताई एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

पेंशन शुरू किए जाने की गुहार : बैतूल निवासी अनामिका जायसवाल ने पेंशन चालू किए जाने के लिए आवेदन दिया। सीईओ श्री जैन ने एसी ट्राईबल और पेंशन अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम बरपेड़ निवासी अलकेश अहाके ने अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने की मांग को लेकर आवेदन दिया। सीईओ श्री जैन ने डीपीसी और डीईओ को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। विनोबा वार्ड निवासी शेषराव साहू ने अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन दिया।

सड़क और नाली निर्माण किए जाने की मांग

बैतूल की ग्राम पंचायत दनोरा निवासी तुलाराम हरफोड़े ने दनोरा-टेमनी रिहायशी इलाके में सड़क और नाली निर्माण किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने बैतूल एसडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अंबेडकर वार्ड निवास अमित राठौर ने आवेदन के माध्यम से शासकीय भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने नगर पालिका बैतूल सीएमओ और तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी प्रहलाद मतलाने ने मुलताई स्थित भूमि की जांच किए जाने के लिए आवेदन दिया।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर कार्यक्रम आयोजित

भैंसदेही। भैंसदेही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत महिला एवं बाल विकास परियोजना भैंसदेही अंतर्गत सेक्टर सावनमंदा में की गई। जिसमें बालिकाओं की प्रशिक्षण दिया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि कैलाश शिवहरे (भाजपा मंडल संयोजक जिला प्रतिनिधि) के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं भैंसदेही परियोजना अधिकारी श्रीमती उथा मसीह के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पंच के रूप में श्रीमती रजनी शिवहरे एवं छोटू पन्द्राम के साथ अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थति थे। प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में परियोजना अधिकारी श्रीमती उषा मसीह ने विस्तार से जानकारी बालिकाओं को प्रदान की। श्रीमती उषा मसीह

ने बालिकाजों को बताया की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है। इसका नाम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ है। इसका प्राथमिक लक्ष्य घटते बान लिंग अनुपात को संबोधित करना, लिंग-पक्षपाती लिंग चयन को रोकना और देश में हर बानिका की शिक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। इसके आलावा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की मुख्य विशेषता लड़कियों की सुरक्षा करना भूण हत्या और कन्या शिशु हत्या जैसे अमानवीय कृत्यों का मुकाबला करना और महिला शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का समापन परियोजना अधिकारी श्रीमती उषा मसीह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओ, जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त कर किया गया।